प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 31.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रो डॉ0 मोहन यादव वाराणसी में एमपी–यूपी सहयोग सम्मेलन में हुए शामिल : दोनों राज्यों के बीच निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प और बाजार विस्तार से जुड़े कई समझौतों पर हुए हस्ताक्षर।**
2. **प्रदेश में 2 अप्रैल से 30 जून के बीच होगी दलहन, तिलहन की खरीद : सरकार ने लक्ष्य निर्धारित कर पारदर्शी व्यवस्था पर दिया जोर।**
3. **कुशीनगर में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया शुभारम्भ : कहा– पर्यटन और उद्योग को नई दिशा देगा यह सम्मेलन।**

**और**

4. **आईपीएल क्रिकेट में कल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जायेगा लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच।**

———————

**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव आज वाराणसी में आयोजित एमपी–यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 में शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के बीच निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प**

आर बाजार विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। इसके साथ ही काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल धाम के बीच व्यवस्थाओं के आदान प्रदान के लिये एमओयू भी हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह साझेदारी न केवल आर्थिक विकास को गति देगी, बल्कि स्थानीय उत्पादों और पारम्परिक वस्तुओं को भी बढ़ावा देगी। सम्मेलन में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और राकेश सचान भी उपस्थित रहे। बाइट.....

*बाबा महाकाल के दर्शन में सामान्य दर्शन के साथ–साथ विशेष अवसर पर आने वाली बड़ी भीड़ के प्रबंधन में बनारस के अनुभव साझा करते हुए अधिकारियों को भविष्य में और अच्छे से टेंपल व्यवस्था को जोड़ कर के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कैसे कर सकते हैं, उस पर विचार करने के लिए एमओयू किया गया और एक एमओयू हमारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ओडीओपी को बहन को मजबूत करने का स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर दिलाने का और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को मजबूत करने के दृष्टि से किया गया है। दोनों राज्यों के ओली ओपी उत्पादों का आदान प्रदान किया गया। स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनकी पहचान दिलाने का भविष्य में मार्केट उपलब्ध कराने का एक बड़ा निर्णय हुआ।*

इस अवसर पर दोनों राज्यों में संबद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारम्परिक कौशल को दर्शाती जीआई और ओडीओपी उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

इससे पहले वाराणसी पहुंचने पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया और मंदिर कॉरिडोर का भ्रमण कर यहां दर्शन व्यवस्था और तीर्थयात्री प्रबंधन सिस्टम का बारीकी से अवलोकन भी किया।

—————————

प्रदेश में दलहन, तिलहन की खरीद 2 अप्रैल से 30 जून तक की जायेगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिये सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीद की प्रभावी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि चने का समर्थन मूल्य 5 हजार 875 रुपये कुन्तल, मसूर 7 हजार रुपये प्रति कुन्तल, सरसों 6 हजार दो सौ रुपये प्रति कुन्तल तथा तूर दाल का 8 हजार रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। कृषि मंत्री ने बताया कि चना, मसूर, सरसों और तूर दाल की खरीद के लिये लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बाइट......

*भारत सरकार ने हमें मशहूर की 6,77,000 मेट्रिक टन खरीद की अनुमति दी है और सरसों की खरीद 5,30,000 मेट्रिक टन की जाएगी। चना का एमएसपी ₹5,875 प्रति क्विंटल होगा। मशहूर की एमएसपी*

*₹7,000 प्रति क्विंटल और सरसों का ₹6,200 क्विंटल होगी। चना का खरीद ₹2,24,000 मेट्रिक टन, मशह्र का ₹6,77,000 मेट्रिक टन यह हमारा प्रयास होगा कि हम खरीदें। हम इस के लिए डिमांड किया था भारत सरकार से और उन्होंने हमें अनुमति दी है।*

कृषि मंत्री ने बताया कि खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिये सभी क्रय केन्द्रों पर पीओएस मशीने स्थापित की गई है, जिससे किसानों की पहचान सुनिश्चित करते हुए डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान किया जायेगा।

——————————

भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर मं तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कांक्लेव 2026 आज से शुरू हो गया है।इसका उद्घाटन प्रदेश के राज्य मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री  दिनेश प्रताप सिंह ने किया। कांक्लेव मे बौद्ध भिक्षुओं के साथ साथ विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधि भी भाग ले रहे है। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने  कहा कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य केवल आध्यात्मिक विमर्श तक सीमित नहीं है बल्कि इसके माध्यम से क्षेत्र में पर्यटन और उद्योग को भी नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।  उन्होंने कहा कि

कुशीनगर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं है, बल्कि आर्थिक और औद्योगिक दृष्टि से भी मजबूत बन रहा है।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

देश में जनगणना 2027 कल से शुरू हो रही है। यह स्वतंत्रता के बाद की आठवीं और इस श्रृंखला की सोलहवीं जनगणना होगी। जनगणना दो चरणों में कराई जायेगी। सरकार ने जनगणना के पहले चरण के लिए 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं। पहली बार जनगणना डिजिटल रूप से कराई जाएगी। स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। उत्तर प्रदेश में पहला चरण 22 मई से शुरू होगा और इससे 15 दिन पूर्व 7 मई से स्व–गणना की सुविधा उपलब्ध होगी। जनगणना 2027 के तरीकों को लेकर महा पंजीयक और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय

कुमार नारायण ने आकाशवाणी के पब्लिक स्पीक कार्यक्रम में बताया कि यह जनगणना पिछली जनगणना से अलग है। उन्होंने विदेश में रहने वाले भारतीयों की इस जनगणना में भागीदारी करने के तरीकों को भी स्पष्ट किया। बाइट.....

*अभी जो प्रथम चरण की हम बात कर रहे हैं। प्रथम चरण बेसिकली मकान की गणना और मकान सूचीकरण है इसमें अगर बाहर रहते हैं कोई फर्क नहीं पड़ता हम दूसरे चरण में जब एक व्यक्ति की गणना करते हैं तो उसमें जो बाहर रहने वाले हैं उनको एंबेसी के माध्यम से उनकी गणना कराने की व्यवस्था है।*

———————————

प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने आज अयोध्या में समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान मौजूदा अतंर्राष्ट्रीय हालातों का जिक्र करते हुए कहा कि कई देशों में पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़े हैं, लेकिन भारत में स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि देश में कही भी गैस और पेट्रल–डीजल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष अनावश्यक भ्रामक अफवाह फैलाकर माहौल खराब कर रहा है। बाइट....

*पहले दिन से सरकार कह रही है कि कहीं गैस की किल्लत नहीं है, कहीं डीजल पेट्रोल की किल्लत नहीं है। दुनिया का कोई देश ऐसा जहां पेट्रोल डीजल का दाम ना बढा। जो विकसित देश हैं, वहां भी डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ गए। पूरे दुनिया में भारत ऐसा देश है*

*जहां डीजल पेट्रोल का दाम नहीं बढ़ा। यह भारत के अंदर श्रद्धेय मोदी जी की पुरुषार्थी सरकार है जो हर समस्या के समाधान के साथ काम करती है।*

---

जनधर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती पर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने सत्य–अहिंसा और करूणा का मार्ग दिखाया।

महावीर जयंती के अवसर पर वाराणसी में मैदागिन स्थित बिहारीलाल दिगंबरजैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया। विभिन्न स्थानों से होते हुए पंचायती जैन मंदिर पहुंच कर शोभायात्रा का समापन हुआ। चित्रकूट के बरगढ़ में महावीर स्वामी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

---

आईपीएल क्रिकेट–2026 का चौथा मुकाबला आज पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच हो रहा है। मोहाली स्थित मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।

**वहीं, लखनऊ के इकाना स्टेडियम में कल दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला होगा। एक रिपोर्ट.....**

*लखनऊ की कमान जहां ऋषभ पंत के हाथों में है वहीं दिल्ली के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी अक्षर पटेल निभा रहे हैं। कल के मैच को देखते हुए इकाना स्टेडियम के आसपास लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू किया है। शाम को मैच 7.30 बजे शुरू होगा इसके 3 घंटे पहले स्टेडियम के आसपास यातायात को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। वहीं लखनऊ मेट्रो की सेवाएं कल रात में 12.30 बजे तक संचालित रहेंगी जिससे क्रिकेट मैच देखकर लौटने वाले दर्शकों को कोई परेशानी ना हो। स्टेडियम से मुंशी पुलिया मेट्रो स्टेशन और ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन तक विशेष फीडर बसों का प्रबंध भी किया गया है। स्टेडियम में महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के प्रवेश के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

**(समाप्त)**